प्रेस नोट थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर दिनांक 12.06.2024

आत्महत्या का दुष्प्रेरण करने के आरोप में 01 नफर अभियुक्ता गिरफ्तार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ के पर्यवेक्षण व प्र0नि0 शशिभूषण राय के नेतृत्व में थाना गुलरिहा मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 481/2024 धारा 306 भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्ता मोनिका को गिरफ्तार किया गया । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

अभियुक्ता मोनिका द्वारा 03 वर्ष पहले मृतक (पति) से मंदिर में आपसी मर्जी से शादी कर ली गयी थी तथा शादी करने के बाद मृतक बाहर रहने चला गया था। कुछ दिन बाद अभियुक्ता व ईश्वर (अभियुक्ता के पिता) द्वारा वादी व उनके पुत्र (मृतक) के ऊपर मुकदमा लिखवा दिया गया था। जिसमें वादी व वादी के पुत्र (महेन्द्र) दोनों जेल गए थे। जमानत पर रिहा होने पर अभियुक्ता द्वारा लगातार मानसिक रूप से मृतक को प्रताड़ित किया जा रहा था। इसके साक्ष्य के रूप में वादी के बेटे का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिससे क्षुब्ध होकर वादी के लड़के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गयी । जिसके संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 481/2024 धारा 306 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया था।

गिरफ्तार अभियुक्ता का नाम पता-

मोनिका पुत्री ईश्वर निवासी जंगल मोहम्मद बरवा थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर

गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 481/2024 धारा 306 भादवि थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर

गिरफ्तारी की टीम-

1. प्र0नि0 शशिभूषण राय थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर
2. उ0नि0 विवेक कुमार मिश्रा थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर
3. का0 अनुराग राजपूत थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर
4. का0 शिवजी थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर
5. म0का0 माला राय थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर